**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,**
**गोरखपुर**

**<u>नीलामी की सूचना</u>**

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के निर्माण एवं रख–रखाव अनुभाग विद्युत सबस्टेशन पर विद्युत से सम्बन्धित स्कैप (कबाड़) की नीलामी किया जाना है। स्कैप सामाग्री का विक्रय "जहा है जैसी है" के आधार पर सार्वजनिक नीलामी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म निम्न विवरण के अनुसार नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है।

1. नीलामी की तिथि : 27.07.2026
2. समयः पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक
3. स्थानः विद्युत उपकेन्द्र, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

**<u>नीलामी की प्रमुख शर्ते</u> :–**

स्कैप सामग्री का निरीक्षण नीलामी की तिथि से पूर्व कार्यालय अवधि में किया जा सकेगा। नीलामी "जहा है, जैसी है" (As is where is basis) के आधार पर होगी। सामग्री की गुणवत्ता, मात्रा एवं स्थिति के संबंध में बाद में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक इच्छुक बोलीदाता को नीलामी में भाग लेने से पूर्व रू0 10,000/– की जमानत धनराशि जमा करनी होगी। असफल बोलीदाताओं की जमानत धनराशि नीलामी के उपरांत वापस कर दी जायेगी। सर्वाधिक बोली लगाने वाले बोलीदाता को नीलामी स्वीकृत होने पर निर्धारित अवधि के भीतर पूर्ण धनराशि जमा करनी होगी।

पूर्ण भुगतान प्राप्त होने के पश्चात् ही स्कैप सामग्री उठाने की अनुमति दी जाएगी। साम्रगी को उठाने, लोडिंग एवं परिवहन का समस्त व्यय एवं दायित्व केता का होगा। निर्धारित अवधि में सामग्री न उठाने की स्थिति में विश्वविद्यालय आवश्यक निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगा तथा जमानत धनराशि जब्त की जा सकती है। विश्वविद्यालय बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी बोलियों को स्वीकार अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

नीलामी से संबन्धित किसी भी विवाद की स्थिति में कुलपति/सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय समय में विद्युत अनुभाग, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर से संपर्क किया जा सकता है।

**कुलसचिव**

पत्रांक/मा0प्रौ0वि0/निर्माण/1319 /2026 दिनांकः 23 जुलाई ,2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. कुलसचिव।
2. वेब मास्टर को वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
3. वै0 स0 कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।

23/07/26
**कुलसचिव**